# तुम मुझे यु जला ना पाओगे | By Mukesh Bagda |

तुम मुझे यु जला ना पाओगे,
जली लंका मेरी जला मैं भी,
तुम भी एक दिन जलाये जाओगे,
तुम मुझे यु जला ना पाओगे,

मैंने सीता हरी हरी के लीये,
राक्षस कुल की बेहतरी के लीये,
मैंने प्रभु को रुलाया वन वन में,
तुम प्रभु को रुला न पाओगे,
जली लंका मेरी जला मैं भी......

आज रावण से राम डरते है,
आज लक्ष्मण ही सीता हरते है ,
आज घर घर में छुपे है रावण,
आग किसको को तुम लगाओगे ,
तुम मुझे यु जला ना पाओगे,
जली लंका मेरी जला मैं भी,

सीता हरना तो एक बहाना था,
मुझको तो राम दरश पाना था ,
मैंने मर कर भी राम को पाया .,
तुम न जी कर भी राम पाओगे
तुम मुझे यु जला ना पाओगे....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%af%e0%a5%81-%e0%a4%9c%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%93%e0%a4%97%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/